# ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य की विकास रेखा है : राजेन्द्र

## रेलवे परियोजना का कार्य 2028 तक हर हाल में पूरा कराएं : उप मुख्यमंत्री



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य की विकास रेखा है. सीधी-सिंगरौली हाईवे तथा रेलवे परियोजना का कार्य पूरा हो जाने से नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास होगा.**

सिंगरौली तक रेलवे लाइन के जुड़ जाने से विन्ध्य पूर्वोत्तर राज्यों से सीधे कनेक्ट हो जाएगा. लंबी दूरी की ट्रेनें चलने से आवागमन में सुविधा के साथ व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी. निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 2028 तक सीधी से सिंगरौली और पन्ना से खजुराहो तक रेलवे लाइन का निर्माण कार्य हरहाल में पूरा कराएं. अभी अप्रैल माह तक रीवा से सीधी स्टेशन तक का निर्माण कार्य पूरा कराएं जिससे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन का सीधी तक विस्तार किया जा सके.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस रेलवे परियोजना के पूरा होने से विन्ध्य और बुंदेलखण्ड के आर्थिक विकास में तेजी आएगी. रेलवे तथा प्रशासन के अधिकारी परियोजना के निर्माण कार्यों से जुड़ी बाधाएं समन्वय से दूर करें. रेलवे के अधिकारी सीधी तथा सिंगरौली कलेक्ट्रेट में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली टीएल बैठक में उपस्थित होकर भू-अर्जन संबंधी प्रकरणों का निराकरण कराएं. कलेक्टर हर सप्ताह परियोजना के कार्यों की समीक्षा करें. भू-अर्जन के कार्यों में देरी न करें. किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए भू-अर्जन करें. मुआवजा प्राप्त करने के बाद भी यदि कोई व्यक्ति परियोजना के कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करता है तो उससे कठोरता से निपटें. सीधी से गजरही तक का भू-अर्जन पूरा हो गया है. गजरही से गोपद नदी तथा सिंगरौली तक भू-अर्जन की कार्यवाही तेजी से पूरी करें. इनके लिए टेण्डर जारी हो गए हैं. भू-अर्जन पूरा होते ही निर्माण एजेंसी कार्य शुरू कर दे. रेलवे के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि भू-अर्जन के बाद पूरक प्रस्ताव की आवश्यकता न रहे. बैठक में सांसद रीवा जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा रेलवे स्टेशन में मेंटीनेंस डिपो का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराएं. जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों का रीवा से संचालन शुरू हो सके. रीवा रेलवे स्टेशन में जारी कार्यों को भी समय-सीमा में पूरा कराएं. सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष सीधी तक ट्रेन पहुंचना हम सबके लिए बड़ी उपलब्धि होगी. प्रशासन रेलवे के अधिकारियों को पूरा सहयोग कर रहा है. सिंगरौली तक रेलवे का निर्माण तेजी से पूरा कराएं. सिंगरौली-व्यौहारी रेलवे लाइन में संजय टाइगर रिजर्व को बायपास करने के लिए प्रस्तावित 45 किलोमीटर नवीन दोहरे रेलवे लाइन के भू-अर्जन का कार्य तेजी से पूरा कराएं. इसका कार्य पूरा होने से सिंगरौली से यात्री ट्रेनों की सुविधा बढ़ेगी.

बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि 31 मार्च तक सीधी रेलवे लाइन का कार्य पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है. रेलवे प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से तेजी से कार्य कर रहा है. गोपद नदी से सिंगरौली तक भू-अर्जन की कार्यवाही जारी है. सिंगरौली तक रेलवे लाइन बनाने का कार्य दिसम्बर 2028 तक पूरा हो जाएगा. सतना से पन्ना जिले में सकरिया तक मार्च माह तक रेलवे लाइन बिछ जाएगी. पन्ना से अजयगढ़ तथा अजयगढ़ से खजुराहो तक लाइन बिछाने में लगभग 18 महीने का समय लग जाएगा. इस क्षेत्र में अभी वन विभाग से कार्य करने की अनुमति नहीं मिली है.

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए जोन को मिला सम्मान

पश्चिम मध्यरेल्वे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे जोन को वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गोविंदवल्लभ पंत शील्ड प्रदान की गई है. उन्होंने यह भी बताया कि अमानगंज से खजुराहो के बीच रेलवे लाइन के लिए अभी वन विभाग की अनुमति मिलना शेष है.

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति की सेक्शनवार जानकारी दी गई. बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पश्चिम मध्य रेलवे एमएस हाशमी तथा रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# आईजी आरपीएफ ने किया वार्षिक निरीक्षण

## पोस्ट प्रभारी समेत स्टॉफ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सतना 30 जनवरी. रेल सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर जनरल/प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को आरपीएफ पोस्ट सतना का वार्षिक निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने पोस्ट प्रभारी समेत समस्त स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.**

ट्रेन कमांक 11705 के जरिए शुक्रवार की सुबह 11:30 बजे आईजी आरपीएफ पमरे जबलपुर राजीव कुमार यादव सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंचे. आईजी श्री यादव के साथ सहायक सुरक्षा आयुक्त पमरे जबलपुर चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा और मैहर पोस्ट प्रभारी एस पी सिंह भी मौजूद रहे. रेलवे स्टेशन पर पोस्ट प्रभारी सहित स्टाफ द्वारा स्वागत किए जाने के बाद आईजी श्री यादव निरीक्षण पोस्ट में पहुंचे. जहां पर उनके द्वारा सारे रिकार्ड रजिस्टर आदि की जांच शुरु की गई. इस दौरान आईजी द्वारा पोस्ट प्रभारी समेत स्टाफ से आवश्यक प्रश्न भी पूछे. रिकार्ड और रजिस्टर की जांच करने के बाद संतुष्टि जाहिर करते हुए आईजी ने नए सॉफ्टवेयर को अडोप्ट किए जाने के संबंध में आरपीएफ स्टाफ से जानकारी पूछी. इसी कड़ी में यह हिदायत भी दी कि रेल सुरक्षा से जुड़े नए साफ्टवेयर के बारे में स्टाफ को स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए. सुरक्षा व्यवस्था, परिचालन दक्षता और आधारभूत ढांचे पर केंद्रित इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी द्वारा न सिर्फ स्टॉफ के लिए आवास, चिकित्सा, और वीकली रेस्ट जैसे मुद्दों की समीक्षा की बल्कि समस्यायों के संबंध में भी पूछा. अपना वार्षिक निरीक्षण पूरा करने के बाद शाम 6:30 बजे आईजी श्री यादव सतना रेलवे स्टेशन से जबलपुर के लिए रवाना हो गए. गौरतलब है कि इस बार आईजी द्वारा किए गए वार्षिक निरीक्षण के दौरान भले ही किसी स्टॉफ को विशेष सराहना नहीं मिली हो. लेकिन गनीमत इस बात की भी रही कि किसी खामी की वजह से किसी स्टॉफ पर अर्थदण्ड भी नहीं लगाया गया.

# मुख्यमंत्री आज करेंगे भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण

## रीवा, आगमन के पश्चात डॉ. मोहन यादव गुढ़ जाएंगे



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे. मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे.**

गुढ़ के समीप ग्राम खामडीह में भैरव बाबा की विशाल प्राचीन प्रतिमा है. यह प्रतिमा दुर्लभ शयन मुद्रा में है. स्थापत्य की दृष्टि से इसका निर्माण लगभग 10वीं शताब्दी में किया गया. प्रतिमा वर्षों से खुले आसमान के नीचे थी. इसमें शासन की एलएडी योजना के तहत प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार तथा अन्य निर्माण कार्य कराए गए हैं. विशाल भैरव बाबा प्रतिमा के चारों ओर दो मंजिला मंदिर का निर्माण कार्य किया गया है. इसकी लागत 180 लाख रुपए है. यह मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है. समारोह भैरवनाथ मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदिर पहुंचकर भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे तथा मंदिर में ध्वज चढ़ाएंगे. मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. समारोह की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल तथा पूर्व महापौर एवं भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता शामिल होंगे. समारोह में मुख्यमंत्री 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे.

# विशेष भोज में लापरवाही बरतने पर प्रभारी प्राचार्य निलंबित

## मैहर जिले के भटिगवां हाईस्कूल का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना/ मैहर 30 जनवरी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर शासकीय हाई स्कूल भटिगवां में बच्चों को कागज में विशेष मिड-डे मील ( हलवा-पूड़ी ) परोसने की घटना के बाद कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद द्वारा प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार त्रिपाठी को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।**

समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने और वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मामले की जांच कराई।

जांच में प्राचार्य की मौजूदगी में लापरवाही साबित हुई। प्रभारी प्राचार्य को दो दिवस में जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने पर रीवा कमिश्नर बी.एस. जामोद ने उन्हें म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 ( 1 ) के तहत निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री त्रिपाठी मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सतना रहेगा और जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# लग्जरी कार से 135 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त

## एक सप्ताह के दौरान बरगवां पुलिस की दूसरी कार्रवाई, शराब तस्कर पर कब होगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 30 जनवरी । अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरगवां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 135 लीटर अवैध शराब से भरी एक लग्जरी कार को जप्त किया है। हालांकि पुलिस को देखकर चालक मौके से फरार हो गया। एक सप्ताह में बरगवां पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई है।**



बरगवां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन गुरूवार की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बन्धा की ओर से एक काले रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में अवैध शराब लेकर पयोर की ओर जाई जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी बरगवां निरीक्षक मो. समीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम पचौर रेलवे पुल के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही कार चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। मौके पर पुलिस ने कार की तलाशी लेने पर 5 पेटी में 250 पाव देसी प्लेन शराब, 2 पेटी में 100 पाव गोवा व्हिस्की, 24 पाव मैकडॉवेल्स रम, 1 पेटी में 12 बीयर बोतल तथा 5 पेटी में 120 पावर कैन बीयर बरामद की गई। कुल 135.12 लीटर शराब की कीमत करीब 52,118 रुपये बताई गई है। इसके साथ ही काले रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार क्रमांक यूपी 65 बीएम 5454 जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये है, को भी जप्त किया गया। इस संबंध में थाना बरगवां में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इधर इस बात की चर्चा है कि असली शराब माफियाओं पर पुलिस कार्रवाई क्यों नही करती है, इसके पीछे अनेको कारण गिनाए जाते हैं। कोई कहता है कि शराब माफिया ही कमाऊ पुत्र है और उसी से कइयों की जेब गरम होती हैं, यह बात जग जाहिर है। बैढ़न क्षेत्र में जिस तरह से शराब कारोबारियों का आतंक है और खाकी वर्दी पर दबाव है। इसे अधिकांश लोग भलीभांति जानने लगे हैं। लोग अब यही कहने लगे हैं कि जब तक तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई नही होगी, तब तक नशा कारोबार पनपता रहेगा। इधर उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मो. समीर, सउनि वीरेंद्र त्रिपाठी, प्रआर फूल सिंह, आर अनुप मिश्रा और आर प्रतीक कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# श्री श्याम भजन संध्या सामुदायिक भवन विंध्यनगर में आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 30 जनवरी । श्याम प्रेमी मंडल के तत्वाधान में यजमान अजय अग्रवाल द्वारा श्याम भजन संध्या बड़े ही धूम धाम से मनाया गया, जिसके अंतर्गत शाम 6 बजे से खाटू वाले श्री श्याम प्रभु का भजन किया ।**

राष्ट्रीय भजन गायक दीपक पांडेय, सुप्रसिद्ध भजन गायिका एवं कथा वाचक अनुष्का पांडेय, अनुराग भरतिया सलिल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल ने भजन गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया, जिसमें हजारों भक्तों ने भजन का रसपान किया।

इस कार्यक्रम में हमारे मार्ग दर्शक डीएन हिम्मत रामका, आरएस बघेल, आरके सिंह, रामरतन अग्रवाल, बसंत हिम्मतरामका, दिलीप भारतिया रहे एवं उपस्थिति सुरेन्द्र लोहिया, संजीव अग्रवाल, रमेश केजरीवाल, आनंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अमरदीप भारुका, विनोद मित्तल, अशोक मित्तल, दीपक पटेल, विकास गोयनका, भानु अग्रहरी, सुरेश कुमार गर्ग सहित अन्य का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।


**एजेंसी देनी है**

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष **नवभारत** समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


# खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी , 30 जनवरी. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी और पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन तथा जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी खनि निरीक्षक शिशिर यादव और देवेंद्र महोबे के नेतृत्व में खनिज दल ने तहसील.रामपुर नैकिन अंतर्गत बघवार क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन की जांच की।**



इस दौरान शहडोल से सतना एवं अन्य क्षेत्रों की ओर बिना अभिवहन पारपत्र और आवश्यक अभिलेख प्राप्त किए कोयला परिवहन कर रहे वाहन क्रमांक यूपी70 एफ्टी 6679 और सीजी04 पीएफ 5736 को नियमानुसार जब्त कर पुलिस चौकी पिपरांवए थाना रामपुर नैकिन परिसर में खड़ा किया गया। वाहन स्वामियों के विरुद्ध मण् प्रण् खनिज ;अवैध खननए परिवहन तथा भंडारण का निवारणद्ध नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर मानण् न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा इसी प्रकारए तहसील.रामपुर नैकिन अंतर्गत शिकारगंज क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन कर रहे वाहन हाइवा क्रमांक एमपी 18 एच5433 को खनिज.वन विभाग के संयुक्त दल द्वारा नियमानुसार जब्त किया गया। वाहन स्वामीध्चालक के विरुद्ध वन परिक्षेत्राधिकारी सोन घड़ियाल अभयारण्यए श्री केण् सीण् उइके द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री सोमवंशी के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थलों पर अवैध खनिज उत्खननए परिवहन और भंडारण की शिकायतें प्राप्त होने पर खनिज दल द्वारा निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# बीसीसीएल ने एसईसीएल को 2-1 से हराया

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी । एनसीएल की मेजबानी में जयंत परियोजना में आयोजित कोल इंडिया अंतर-कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता अपने पूरे शबाब पर है। 28 जनवरी से शुरू हुई इस पांच दिवसीय खेल स्पर्धा में कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।**

प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान बीसीसीएल एवं एसईसीएल के बीच भिड़ंत में बीसीसीएल ने एसईसीएल को 2-1 से हराया। इसी क्रम में एमसीएल एवं डबल्यूसीएल के बीच मैच में एमसीएल ने डबल्यूसीएल को 2-0 से हराकर जीत हासिल की। वहीं एनसीएल एवं एससीसीएल के मध्य मुकाबले में एनसीएल ने एससीसीएल को 1-0 से पराजित किया।


**MOIL LIMITED**

मॉयल MOIL

(A Government of India Enterprise)

MOIL Bhawan, 1A, Katol Road, Nagpur – 440 013

Website : www.moil.nic.in | E-mail: compliance@moil.nic.in

Telefax: 0712-2591661 | CIN : L99999MH1962GOI012398

**Extracts of un-audited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2025**

₹ in Lakhs

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | Nine months ended |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| 1 | Total income from operations | 35991.34 | 36681.61 | 105602.10 |
| 2 | Net profit /(loss) for the period (before tax, exceptional and /or extraordinary items) | 6990.76 | 8904.93 | 22348.77 |
| 3 | Net profit /(loss) for the period before tax (after exceptional and /or extraordinary items) | 6990.76 | 8904.93 | 22348.77 |
| 4 | Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and /or extraordinary items) | 5292.24 | 6367.61 | 17486.67 |
| 5 | Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 5120.86 | 6368.09 | 14821.21 |
| 6 | Equity share capital (Face value of ₹10 each) | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | 251323.70 | 246368.19 | 251323.70 |
| 8 | Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) Basic<br>Diluted | 2.60<br>2.60 | 3.13<br>3.13 | 8.59<br>8.59 |

**Notes :**

(1)The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30th January, 2026 and have been reviewd by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

(2) The board has approved second interim dividend of ₹3.53 per equity share for the financial year 2025-26

(3)The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges **(www.bseindia.com and www.nseindia.com)** and on the Company's website **(www.moil.nic.in).**

(4) MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on **31st December,2025.**

(5) Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended **31st December, 2025/2024** are balancing figures between the unaudited figures of half year and reviewed figures upto **31st December, 2025/2024.**

Scan QR Code for detailed Results

Place : New Delhi
Date : 30th January,2026

For MOIL Limited
Sd/-
Vishwanath Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

(हर एक काम, देश के नाम) (MOIL - Adding Strength to Steel)


# सड़क सुरक्षा माह, सीधी पुलिस ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

## घायल की मदद करने वाले राहवीर को मिलेंगे 25 हजार




**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 30 जनवरी. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के नेतृत्व में सीधी पुलिस द्वारा ष्सड़क सुरक्षा.जीवन रक्षाष् की थीम पर आधारित श्यातायात जागरूकता रथश् को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

इस जागरूकता रथ को रवाना करने का मुख्य उद्देश्य जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंगए हेलमेट व सीटबेल्ट के उपयोग और यातायात संकेतों के पालन हेतु प्रेरित करेगा। जागरूकता अभियान के दौरान शासन की श्राहवीर योजनाश् पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को श्गोल्डन ऑवर्सश् ;दुर्घटना के तत्काल बाद का शुरुआती एक घंटाद्ध में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार व्यक्ति को मध्य प्रदेश शासन द्वारा 25 हजार के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आम नागरिकों के मन से पुलिसिया कार्रवाई का डर निकालकर उन्हें घायलों की मदद के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक बीरेंद्र कुमरेए यातायात प्रभारी उप निरीक्षक भूपेश बैस सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य हैए ताकि अनमोल जीवन को बचाया जा सके।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99